# मुझ पर भी बांके बिहारी , लुटा दो थोड़ा प्यार

तर्ज - देना हो तो दीजिये जनम जनम का साथ

मुझ पर भी बांके बिहारी , लुटा दो थोड़ा प्यार ,
सब कुछ छोड़ के मैं भी , आया हूँ तेरे द्वार - २

सुनते हो तुम सबकी विनती , ये तो हमको पता हैं ,
तेरे द्वार से आज तलक ना, खाली कोई गया हैं ,
कब सुनोगे मेरी अर्जी - २ , ओ मेरे सरकार ,
सब कुछ छोड़ के मैं भी , आया हूँ तेरे द्वार - २

ज्यादा कुछ तो माँगा नहीं हैं , माँगा थोड़ा प्यार ,
इतनी सी तो मांग ये मेरी , कर लो तुम स्वीकार ,
नहीं घटेगा कुछ भी तेरा - २ ओ मेरे सरकार ,
सब कुछ छोड़ के मैं भी , आया हूँ तेरे द्वार - २

खाली हाथ जो लोट गया तो , होगी तुम्हारी हार ,
तुमसे ही पूछेगा कान्हा , ये सारा संसार ,
क्या कहोगे उनसे बोलो - २ ओ मेरे सरकार
सब कुछ छोड़ के मैं भी , आया हूँ तेरे द्वार - २

Lyrics - Jay Prakash Verma , Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34185/title/mujh-par-bhi-banke-bihari---luta-do-thoda-pyar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |